15.12.2024 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 18.30 पीएम
प्रादेशिक समाचार

○ मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा –सरकार ने पिछले एक साल में महिलाओं, युवाओं, किसानों और मजदूरों सहित विभिन्न वर्गों को संबल देने का काम किया।

○ राज्य सरकार के कार्यकाल के एक वर्ष पूरा होने पर प्रदेशभर में अन्त्योदय सेवा शिविरों सहित कई कार्यक्रम आयोजित।

○ राज्य में पहली बार हेलीकॉप्टर के जरिये मानव अंगों का परिवहन– जयपुर और जोधपुर में प्रत्यारोपण किया जा रहा है।

○ प्रदेश के कई स्थानों पर शीतलहर का दौर जारी–फतेहपुर में पारा लगातार पांचवें दिन माइनस में दर्ज।

000

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा कि सरकार ने पिछले एक साल में महिलाओं, युवाओं, किसानों और मजदूरों सहित विभिन्न वर्गों को संबल देने का काम किया है। आज राज्य सरकार के कार्यकाल का एक वर्ष पूरा हो गया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कई कार्यक्रमों में शिरकत की। श्री शर्मा ने अब से कुछ ही देर पहले जयपुर की पिंजरापोल गौशाला में अंत्योदय सेवा शिविर की शुरूआत की। मुख्यमंत्री ने कहा कि अन्त्योदय सेवा शिविर गरीबों और वंचितों के उत्थान के लिए है।

.....................

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 2 हजार दिव्यांगों को स्कूटी और 10 हजार विशेष योग्यजन को कृत्रिम अंग और उपकरण वितरित किये। श्री शर्मा ने दुर्लभ बीमारियों से पीड़ित बच्चों के लिए मुख्यमंत्री आयुष्मान बाल संबल योजना और 'मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना' की भी शुरूआत की। इसके साथ ही राज्य स्तरीय मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना और मुख्यमंत्री सद्भावना केन्द्र की भी लॉचिंग की गई। प्रदेश के विभिन्न जिलों में अन्त्योदय सेवा शिविरों का आयोजन हुआ।
इससे पहले मुख्यमंत्री ने जवाहर कला केन्द्र में राज्य स्तरीय विकास प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इसमें राज्य सरकार के एक साल के कामकाज और उपलब्धियों को दर्शाया गया है। वहीं मुख्यमंत्री ने अमर जवान ज्योति पर आयोजित कार्यक्रम में पुलिस विभाग के विभिन्न वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। श्री शर्मा ने 101 एडवांस लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस, 25 पुलिस पेट्रोलिंग वाहन और 22 पुलिस इंटरसेप्टर वाहनों को रवाना किया। इस दौरान उन्होंने कालिका पेट्रोलिंग यूनिट की शुरूआत की। मुख्यमंत्री ने आज सुबह डीग जिले के पूंछरी का लौठा में विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि गिर्राज जी के परिक्रमा के लिए देशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। उनकी सुविधा के लिए राज्य की सीमा में आने वाले परिक्रमा मार्ग को विकसित किया जाएगा।

..............

गिरार्ज जी के परिकमा मार्ग को विकसित करने के लिए वेदान्ता समूह की ओर से 100 करोड़ रूपये का सहयोग दिया जाएगा।

000

प्रदेश सरकार के कार्यकाल की पहली वर्षगांठ पर आज बीकानेर और भरतपुर विकास प्राधिकरण के गठन को लेकर अधिसूचना जारी हुई। मुख्यमंत्री ने इसे लेकर पूर्व में घोषणा की थी। दोनों शहरों में इन प्राधिकरणों का गठन होने से इनका सुनियोजित विकास हो सकेगा।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आज जन्मदिन है। इस अवसर पर दौसा, झुन्झुनू सहित विभिन्न जिलों में रक्तदान और गौ सेवा सहित कई कार्यक्रम आयोजित किये गये। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्री शर्मा को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में श्री मोदी ने कहा कि जमीनी स्तर पर कार्य करने का श्री शर्मा का लम्बा अनुभव राजस्थान के चहुंमुखी विकास में उपयोगी साबित हो रहा है। राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने भी अपने बधाई संदेश में मुख्यमंत्री के स्वस्थ, सुदीर्घ और मंगलमय जीवन की कामना की।

000

उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी आज पाली जिले के दौरे पर रही। इस दौरान उन्होंने देसूरी की नाल और घाट सेक्शन का निरीक्षण भी किया। उपमुख्यमंत्री ने जगह के खतरनाक मोड और तंग सड़कों को देखकर सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। पत्रकारों से बातचीत करते हुऐ कहा सुधारात्मक उपायों से इस मार्ग पर होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम होगी।

000

प्रदेश में पहली बार हेलीकॉप्टर के जरिए मानव अंग–लिवर और किडनी आज एम्स जोधपुर लाए गए। इस कदम को अंग प्रत्यारोपण के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। ये अंग झालावाड़ मेडिकल कॉलेज में एक डोनर से प्राप्त किए गए जो सड़क हादसे के बाद ब्रेनडेड हो गया था। इन अंगों का प्रत्यारोपण आज किया जा रहा है। हवाई मार्ग से आने की वजह से इन अंगो की सुरक्षा और गुणवत्ता सुनिश्चित हुई, साथ ही समय की भी बचत हुई है।

000

जयपुर के जवाहर कला केंद्र में चल रहे सरस राज सखी राष्ट्रीय मेले को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद की ओर से लगाया गया ये मेला 30 दिसंबर तक चलेगा। इसमें देश भर की हुनरमंद और उद्यमी महिलाएं अपने उत्पाद प्रदर्शित कर रही हैं। 400 स्टॉल पर करीब 15,000 से ज्यादा उत्पाद बिक्री के लिए उपलब्ध हैं, इनमें 600 से ज्यादा उत्पाद ऐसे भी हैं जिन्हें जीआई टैग मिला है। राजीविका के परियोजना निदेशक अजय कुमार आर्य ने बताया कि मेले में आर्गेनिक उत्पाद और हस्त शिल्प के कई नमूने प्रदर्शित किये गए हैं।

000

राज्य में ज्यादातर स्थानों पर तापमान में गिरावट आने से सर्दी का असर बढ़ गया है। प्रदेश में आज 16 स्थानों पर न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया है। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार आज लगातार पांचवें दिन सीकर के फतेहपुर में तापमान माइनस से नीचे दर्ज हुआ। माउंट आबू में 1 दशमलव 2 डिग्री, चूरू में 1 दशमलव 6, भीलवाडा में 2 दशमलव 2, सीकर में 2 दशमलव 5, पिलानी, सिरोही, संगरिया में 2 दशमलव 6, चित्तौडगढ और करौली में 3 दशमलव 2, अलवर में 4, बारां में 4 दशमलव 5, बीकानेर में 4 दशमलव 8 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया। राजधानी जयपुर में रात का तापमान 7 दशमलव 8 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार न्यूनतम और अधिकतम तापमान में विशेष बदलाव नहीं होने के आसार हैं। वहीं अगले 5–6 दिन शीतलहर जारी रहने की संभावना है।

000

राष्ट्र, आज देश के पहले गृहमंत्री और लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल को उनकी पुण्यतिथि पर याद कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सरदार पटेल की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि उनका व्यक्तित्व और उनके कार्य देश की एकता और अखंडता तथा विकसित भारत के संकल्प को हासिल करने में देशवासियों के लिए प्रेरणा के स्रोत बने रहेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी सरदार पटेल को श्रद्धाजंलि अर्पित की है। केन्द्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने आज जोधपुर में सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर पुष्पाजंलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धाजंलि दी।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 29 दिसम्बर को आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 117वीं कड़ी होगी। श्रोता, इस महीने की 27 तारीख तक टोल फ्री नम्बर 1 8 0 0 – 1 1 – 7 8 0 0 पर कार्यक्रम के लिए सुझाव भेज सकते हैं। इसके अलावा 1922 नम्बर पर मिस्ड कॉल देकर एस एम एस पर मिले लिंक से भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। नरेंद्र मोदी एप या माई जीओवी ओपन फोरम के जरिये ऑनलाइन भी सुझाव दिये जा सकते हैं।

000